Reg. No. : ......................................

Name : ......................................

**IMPROVEMENT**
**JULY 2019**

**FY 05**

Time : 2½ Hours
Cool-off time : 15 Minutes

Part – II

# HINDI

Maximum : 80 Scores

***सामान्य निर्देश :***

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : निम्नलिखित कविता पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

तुम्हें कहना नहीं आता
कहने क्यों चले आए
पहले कहना सीखो
फिर अपनी बात कहना
जिनके पास कहने को है
जो कहना चाहते हैं
जिन्हें कहना नहीं आता
मैं उनमें से एक हूँ ।

1. यह किसकी कविता है ? **(1)**

(उदय प्रकाश, पवनकरण, चन्द्रकांत देवताले)

2. "मैं उनमें से एक हूँ" – 'मैं' किन–किन का प्रतिनिधि है ? **(2)**

3. समकालीन संदर्भ से जोड़कर कविता की आस्वादन टिप्पणी तैयार करें । **(5)**

4. सही मिलान करें । **(8 × 1 = 8)**

(a) Cancel – कूड़ेदान

(b) Format – खोज

(c) Internet – रद्द करें

(d) Public – प्रस्थान

(e) Resource – प्रारूप

(f) Search – संसाधन

(g) Trash – सार्वजनिक

(h) Sign out – अंतर्जाल

**सूचना : निम्नलिखित 5 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखें । (3 × 2 = 6)**

5. 'उसे शाक–सा लगा ।' किसको ? कब ?

6. आदमी का स्वप्न जल का बुलबुला है । ऐसा क्यों कहता है ?

7. 'भक्ति करै कोइ सूरमा, जाति बरन कुल खोय" –

कबीर के मत में सच्चा वीर कौन है ?

8. 'जिस पर अंकित हैं आँसू, थकान, विश्राम और प्रेम की स्मृतियाँ' – पत्थर की बेंच पर क्या–क्या अंकित हैं ?

सूचना : 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखें । (4 × 4 = 16)

9. 'जुलूस' नाट्य रूपान्तर के इब्राहिम अली के ये कथन पढ़ें ।

- मैं आपको इत्मीनान दिलाता हूँ कि किसी किस्म का दंगा–फ़साद न होगा ।
- आप अपने सवारों, संगीनों और बंदूकों के ज़ोर से हमें रोकना चाहते हैं, रोक लीजिए । मगर आप हमें लौटा नहीं सकते ।
- हमारे भाईबंद ऐसे हुक्मों की तामील करने से साफ़ इनकार कर देंगे जिनकी मंशा महज़ कौम को गुलामी की जंजीरों में जकड़े रखना है ।
- लोगों की मनोवृत्ति में आया वह परिवर्तन ही हमारी असली विजय है ।

इन कथनों के आधार पर इब्राहिम अली के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

10. यह दोहा पढ़ें ।

साई इतना दीजिए, जामें कुटुंब समाय ।
मैं भी भूखा न रहूँ, साधु न भूखा जाय ।।

इस दोहे का आशय स्पष्ट करें ।

11. जीवन–वृत्त पढ़ें ।

| | | जीवन–वृत्त |
|---|---|---|
| नाम | : | चन्द्रकांत देवताले |
| जन्म | : | 7 नवंबर, 1936 |
| जन्म स्थान | : | बैतूल ज़िला, मध्यप्रदेश |
| प्रमुख रचनाएँ | : | हड्डियों में छिपा ज्वर, दीवारों पर खून से, रोशनी के मैदान की तरफ़ |
| पुरस्कार | : | मुक्तिबोध फेलोशिप, माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार, सृजन भारती सम्मान, कविता समय पुरस्कार |
| विशेषताएँ | : | • समकालीन कविता के सशक्त हस्ताक्षर<br>• नूतन विचारधारा के वाहक |

इस जीवन–वृत्त के आधार पर चंद्रकांत देवताले के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

12. 'मधु ऋतु' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें ।

इस एकांत सृजन में कोई
कुछ बाधा मत डालो
जो कुछ अपने सुंदर से हैं
दे देने दो इनको ।

प्रेमी सभी बाधाओं से दूर रहकर अपनी प्रेमिका के साथ एकांत में रहना चाहता है । कवितांश का विश्लेषण करें और अपना मत प्रकट करें ।

13. "जगतू की माँ स्कूल में लड़कियों को घर से बुला लाती थी । स्कूलवालों ने लड़कियों को घर से लाने के लिए मोटर रख ली है और उसे निकाल दिया है ।"

'मशीनीकरण एक हद तक बेरोज़गारी का कारण बना है ।' यशपाल की 'दुख' कहानी के इस प्रसंग के आधार पर टिप्पणी लिखें ।

**सूचना : 14 से 17 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें ।** **(3 × 6 = 18)**

14. मैंने फौरन कहा, "ज़रा पासबुक दिखाइए तो, आपकी लिपि बहुत सुंदर दिखती है ।" उस क्लर्क का चेहरा प्रसन्नता से खिल उठा ।

इस प्रसंग के बारे में बैंक का क्लर्क अपनी डायरी में लिखता है । उस दिन की डायरी तैयार करें ।

- बैंक के रूखे आँकड़ों से माथा-पच्ची
- काम के नीरस घंटे
- अपनी लिपि की प्रशंसा सुनना
- आनंद का अनुभव

15. 'मैंने भाई का चेहरा देखा । वे मेरी ओर देख रहे थे । उनकी आँखें लाल थीं और उनमें करुणा और कातरता थी, जैसे वे मुझसे याचना कर रहे हों कि मैं सच बोल दूँ ।'

पश्चात्ताप से विवश छोटा भाई अगले दिन बड़े भाई से मिलता है । तब दोनों के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें ।

- खडब्बल का खेल
- माथा फूटकर खून आना
- पिताजी से झूठ बोलना
- बड़े भाई को दंड मिलना
- बड़े भाई से क्षमा माँगना

16. "बाबूजी असलम नहीं रहा….।" यात्री को शाक-सा लगा । इस घटना के बारे में यात्री अपने एक मित्र को पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।

- असलम की मृत्यु की खबर
- शाक-सा लगना
- असलम की बीमारी
- हमदर्दी का अभाव
- पश्चात्ताप से उत्पन्न अनुताप

17. निम्नलिखित अंग्रेजी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें :

| | | |
|---|---|---|
| Mansoor | : | Vishal what is the time now ? |
| Vishal | : | It is 11.00 o'clock now. |
| Mansoor | : | At 11.30, I have to reach the Railway Station. |
| Vishal | : | Is there anybody coming by train ? |
| Mansoor | : | Yes, my friend is coming. |
| Vishal | : | Then, you should go now. |

[to reach – पहुँचना]

**सूचना** : यह खण्ड पढ़ें और **18** और **19** के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

राजधानी में डेंगू और मलेरिया के मामलों का बढ़ना गंभीर चिंता का विषय है । ऐसे समय में जबकि कुछ राज्यों में मलेरिया विभाग समाप्त कर दिया गया है, दिल्ली में मलेरिया फैलना निःसंदेह किसी लापरवाही की ओर संकेत करता है । हर वर्ष बरसात में बीमारियों का फैलना इस बात का प्रमाण है कि इसके स्थाई निवारण के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे हैं । स्थिति की गंभीरता का अंदाज़ा इसीसे लगाया जा सकता है कि अकेले यमुना पार इलाके में मलेरिया के तीस मामले सामने आए हैं । हर साल सरकार इन बीमारियों की रोकथाम के लिए उपाय करने की बात कहती है, लेकिन बीमारियों पर प्रभावी तरीके से रोक नहीं लगाई जा सकी है ।

18. दिल्ली में मलेरिया फैलना किसकी ओर संकेत करता है ? **(2)**

19. खंड का संक्षेपण करें और उचित शीर्षक दें । **(6)**

**सूचना : 20 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें ।** **(2 × 8 = 16)**

20. सूचकों की सहायता से किसी मनपसंद फिल्म की समीक्षा करें ।

- फ़िल्म का कथासार
- पात्रों का अभिनय
- पटकथा, संवाद, छायांकन, संपादन
- निर्देशक की भूमिका
- फिल्म के प्रति अपना दृष्टिकोण

21. 'जीवन में सपने का महत्त्व' इस विषय पर स्कूल में एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ है । संगोष्ठी में प्रस्तुत करने के लिए एक आलेख तैयार करें ।

- जीवन में लक्ष्य
- दिन में सपना देखना
- डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का मत
- कठिन परिश्रम

22. ये समाचार शीर्षक पढ़ें ।

केरल बाढ़ की विभीषिका में

संक्रामक रोगों के फैलने की संभावना

पानी–पानी सब कहीं, लेकिन......

केरल में बाढ़ (Flood) के बाद संक्रामक रोग फैलने की आशंका है । इन रोगों की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा की गयी कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए अध्यक्ष, रेसिडेन्स असोसिएशन, कैनकरी आलप्पुषा सार्वजनिक सूचना अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, केरल सरकार के नाम सूचना अधिकार पत्र लिखते हैं । वह पत्र तैयार करें ।

---